02.

राजस्थान का भूगोल एवं अर्थव्यवस्था

(i) राजस्थान : परिचय, स्थिति, विस्तार एवं मुख्य भौतिक विभाग

1. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में किस प्रकार की जलवायु पाई जाती है?

(a) BWhw (b) BShw
(c) CWg (d) Aw

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : कोपेन ने राजस्थान की जलवायु को 4 भागों में विभक्त किया है। AW या उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश के अंतर्गत डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ जिले सम्मिलित है। BShw या ऊष्ण कटिबंधीय शुष्क मरुस्थलीय जलवायु प्रदेश के अंतर्गत जैसलमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर तथा उत्तर-पश्चिमी जोधपुर जिले आते है। Cwg या उपोष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश के अंतर्गत अरावली के दक्षिण-पूर्वी भाग के प्रदेश सम्मिलित हैं।

2. अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से तथ्य सत्य हैं?

(i) इसका निर्माण कैम्ब्रियन युग में हुआ था।
(ii) वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वत के रूप में है।
(iii) यह मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।
(iv) यह दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में विस्तृत है।
कूट :

(a) iii और iv (b) i, ii, iii और iv
(c) ii और iv (d) i और ii

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : अरावली विश्व के प्राचीनतम पर्वतों में से एक है। इसे अवशिष्ट पर्वत भी कहा जाता है। इसका निर्माण आर्कियन युग में हुआ था। इसका निर्माण पूर्व- कैम्ब्रियन युगीन क्वार्टजाइट, नीस तथा शिष्ट शैलों से निर्मित है। यह दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में विस्तृत है। यह श्रेणी पालनपुर (गुजरात) से राजस्थान होकर दिल्ली तक लगभग 800 कि.मी. लम्बाई में विस्तृत है।

3. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें-

(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर
(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर
कूट :

(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : राजस्थान के जिलों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम है- श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर।

4. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में 'स्टेपी जलवायु' पायी जाती है?

(a) जैसलमेर और बीकानेर
(b) गंगानगर और हनुमानगढ़
(c) बाड़मेर, जालौर और जोधपुर
(d) जयपुर, दौसा और टोंक

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के जालौर, बाड़मेर, पाली, नागौर, जोधपुर, सीकर, चुरू जिलों में 'स्टेपी जलवायु' पायी जाती है। इस प्रदेश में शीत ऋतु शुष्क होती है तथा वर्षा भी कम (20-40cm) होती है। यहाँ स्टेपी प्रकार की वनस्पति पायी जाती है। कांटेदार झाड़ियाँ एवं घास यहाँ की मुख्य विशेषता है।

5. राजस्थान की निम्नलिखित पर्वत चोटियों को ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

(a) सज्जनगढ़-लीलागढ़-रघुनागिगढ़-जरगा
(b) जरगा-रघुनाथगढ़-सज्जनगढ़-लीलागढ़
(c) जरगा-लीलागढ़-सज्जनगढ़-रघुनाथगढ़
(d) रघुनाथगढ़-जरगा-लीलागढ़-सज्जनगढ़

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : राजस्थान की मुख्य पर्वत श्रेणी अरावली दक्षिण-पश्चिम में सिरोही से लेकर उत्तर-पूर्व में खेतड़ी तक श्रृंखलाबद्ध है। इस पर्वत श्रेणी की औसत ऊँचाई लगभग 1225 मीटर है। प्रमुख पर्वत श्रेणियों की ऊँचाई का अवरोही क्रम इस प्रकार है- जरगा (1431 मी.) रघुनाथगढ़ (1055 मी.), सज्जनगढ़ (944 मी.) लीलागढ़ (874 मी.)

6. मानसून 2021 के दौरान, निम्न में से किस जिले में असामान्य (सामान्य से 60% ज्यादा) वर्षा हुई?

(a) बांसवाड़ा (b) सीकर
(c) चूरू (d) बाड़मेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : राजस्थान में सामान्य वर्षा 57.5 सेमी. होती है। 50 सेमी. की समवर्षा रेखा राज्य को दो भागों में विभाजित करती है। इसके दक्षिण और पूर्व में अधिक वर्षा होती हैं मानसून 2021 में चुरू जिले में सामान्य से अधिक वर्षा (60% ज्यादा) हुई थी।

7. राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि - जलवायु प्रदेश कौनसा है?